हैलो!

आपका स्वागत है

WORKNET DUPAGE में

हम कौन हैं

हम DuPage काउंटी, इलिनॉइस का वर्कफोर्स डेवलपमेंट ऑफिस हैं। हमारा प्राथमिक उद्देश्य रोजगार चाहने वालों को संसाधनों, रोजगार खोज रणनीतियों, और हमारी स्थानीय अर्थव्यवस्था में उच्च-मांग वाले क्षेत्रों में नौकरी के लिए आवश्यक कौशलों के साथ जोड़ना है। इसे पूरा करके, हम स्थानीय कार्यबल और व्यावसायिक समुदायों को मजबूत करते हैं और साथ ही निवासियों — इनमें युवा वयस्क और वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें रोज़गार में बड़ी बाधाएँ हैं — को सार्थक करियर और आर्थिक स्थिरता की खोज करने में सशक्त बनाते हैं।

हम कैसे मदद करते हैं

हम विभिन्न तरीकों से रोजगार चाहने वालों की सहायत करते हैं। हमारी अनेक सेवाएं सामान्य जनता के लिए खुली और उपलब्ध हैं, जबकि अन्य केवल पात्र व्यक्तियों के लिए उपलब्ध हैं। रोजगार के इच्छुक लोगों के लिए हमारी प्रदान की जाने वाली सेवाएं इस प्रकार हैं:

1. निःशुल्क, पब्लिक-के लिए-खुली कार्यशालाएं, आयोजन, और संसाधन
   हम विभिन्न रोजगार-खोज विषयों जैसे बायोडाटा लेखन, साक्षात्कार, नौकरी आवेदन तकनीक, श्रमिकों के अधिकार, और बहुत कुछ पर मासिक सूचना सत्र और कार्यशालाएं आयोजित करते हैं। हम नियोक्ता-आधारित कार्यक्रमों और नियुक्ति सत्रों की मेजबानी भी करते हैं। उपलब्ध संसाधनों में ऑनलाइन जॉब बोर्ड, ऑन-साइट कंप्यूटर और प्रिंटर तक पहुँच, और आरक्षित करने योग्य, कार्यालय जैसे हडल रूम शामिल हैं।

2. *पात्र व्यक्तियों के लिए गहन नौकरी खोज सत्र और कैरियर परामर्श*
   हम पात्र व्यक्तियों के लिए गहन नौकरी खोज सूचना सत्र के साथ-साथ व्यक्तिगत कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान करते हैं।

3. *पात्र व्यक्तियों के लिए* प्रशिक्षण और शिक्षा हेतु वित्त प्रदान करना
   ऐसे व्यक्तियों जिनके पास उच्च गुणवत्ता की नौकरी के लिए आवश्यक कौशल, प्रमाणन या शिक्षा का अभाव है, वे इन क्षेत्रों में रोजगार हासिल करने के लिए वित्त प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं। हमारा कार्यालय इस पूरी प्रक्रिया के दौरान योग्य व्यक्तियों की सहायता करता है, इसमें शामिल हैं आकलन, रोजगार और प्रशिक्षण योजना बनाना, मासिक प्रगति रिपोर्ट, और सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्ति के बाद नियमित फॉलो-अप करना। पात्र व्यक्तियों को अनुमोदित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की लागत कवर करने के लिए $10,000 तक की राशि स्वीकृत की जा सकती है।

अगले चरण

1. यदि आप हमारी नि:शुल्क पब्लिक-के लिए-खुली कार्यशालाएं या आयोजनों में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो हमारे आगामी आयोजनों के बारे में और अधिक जानने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.worknetdupage.orgपर विजिट करें। दुभाषिया सेवाएं उपलब्ध हैं।

2. यदि आप पात्र व्यक्तियों के लिए वित्त पोषण सेवाओं जैसे एक-के साथ-एक कैरियर सेवाओं या अनुदान-वित्त पोषण प्रशिक्षण के बारे में अधिक जानने में रुचि रखते हैं, तो कृपया हमारी वेबसाइट के द्वारा यह फार्म भरें:

कृपया ध्यान दें कि जबकि हम अनेक अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आए विभिन्न लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, फिर भी कुछ सेवाओं के लिए पात्रता मानदंड लागू होते हैं, जिनमें प्रशिक्षण के लिए वित्तपोषण भी शामिल है। वर्कनेट DuPage को मुख्य रूप से WIOA, वर्कफोर्स इनोवेशन एण्ड ऑपर्च्युनिटी एक्ट द्वारा वित्तपोषण प्राप्त होता है। ये सेवाएं आमतौर पर DuPage काउंटी के निवासियों तक ही सीमित हैं।

आप हमारी सेवाओं के लिए पात्र हो सकते हैं यदि आप हैं:

1. USA में काम करने के लिए अधिकृत, और

2. बेरोज़गार या अल्प-रोज़गार
   - बेरोगारी बीमा प्राप्त कर रहे हैं (या अभी प्राप्त किया है) या
   - सार्वजनिक सहायता जैसे SNAP, TANF, शरणार्थी सहायता, आदि प्राप्त कर रहे हैं (या अभी प्राप्त किया है)

एक बार आपके आवेदन भरने पर, हम अगले चरणों पर बातचीत करने के लिए आपसे संपर्क करेंगे। दुभाषिया सेवाएं उपलब्ध होंगी।

हमें कहां खोजें:

workNet DuPage
2525 Cabot Drive
Lisle, IL 60532
630.955.2030
www.worknetdupage.org

अतिरिक्त रोजगार इच्छुक संसाधन **(Skill Up DuPage)**

हमारा कार्यालय DuPage काउंटी में स्थित एक मजबूत रोजगार/नौकरी के इच्छुक लोगों की सहायता नेटवर्क का एक हिस्सा है। यहां के निवासियों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं हेतु सर्वोत्तम सेवाओं का उपयोग करने में सहायता करने के लिए हमने एकल संसाधन Skill Up DuPage बनाया है, ताकि इस नेटवर्क को एक सुविधाजनक संग्रह में प्रदर्शित किया जा सके।

DuPage काउंटी में Skill Up संसाधनों के स्थानों को देखने के लिए हमारे जॉब सीकर रिसोर्सेज गूगल मैप से लिंक करें: